>

Title: Request the government to construct the stone patting the edge of River Ganga for prevention of flood.

डॉ. संघमित्रा मौर्या (बदायूं): महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपका ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र बदायूं की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ।

मान्यवर, जब चुनाव चल रहा था तब हमने अपने क्षेत्र की दशा देखी थी। हमारा क्षेत्र गंगा के किनारे है, बहुत लंबी दूरी गंगा के तट पर स्थित है। हर बार जब बरसात होती है, बाढ़ से बहुत से गाँव पीड़ित होते हैं, ग्रसित होते हैं। बाढ़ का पानी गाँवों में आ जाता है, जिसकी वजह से उन्हें पलायन करना पड़ता है। हर बार उनका घर बदलना, स्कूल बदलना, शिक्षा, खाना, स्वास्थ्य आदि सब अस्त-व्यस्त हो जाता है। उसको ध्यान में रखते हुए हमने माननीय मंत्री जी से अनुरोध किया था कि वहाँ पर बरसात से पहले पत्थर की ठुकाई हो जाए, ताकि इस बार बरसात आने से पहले उन लोगों को सुविधाएं मिल सकें। माननीय मंत्री जी को कहीं से रिपोर्ट दी गई, जिसके जवाब से हम संतुष्ट नहीं हैं कि वहाँ पर 91 किलोमीटर काम हो चुका है, 6 जगह सहायता केन्द्र बनाए गए हैं। जबकि मैंने वहाँ पर जाकर देखा है और अधिकारियों से भी हमने पूछा तो कोई भी कार्य वहाँ नहीं हुआ है।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूँ कि एक बार उसकी पुन: जाँच करवाकर वहाँ पर कार्य कराने का कष्ट करें ताकि हमारी सरकार की जो 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की मंशा है, उस विश्वास के तहत बदायूं की जनता भी विश्वास से जुड़ते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री मलूक नागर को डॉ. संघमित्रा मौर्या द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।